







नवभारत
इंदौर, बुधवार, 8 जुलाई, 2026




## एक नजर में

### भारी बारिश से नदी नालों में बाढ़ जैसी स्थिति



**अंदड, निप्र।** अंदड एवं आसपास के क्षेत्र में दोपहर 3 :00 बजे से 6 :30 बजे तक भारी वर्षा हुई जिससे नदी नालो बाढ़ में आ गई। खेतों में जगह-जगह पानी लबालब भर गया जैसे तालाब बन गए हो बारिश का दौर लगातार जारी है। जगह-जगह पानी एवं बाढ़ देखकर ऐसा लगा मानो बादल फटे हो।अंदड से चौडी मार्ग पर नाले मेंबाढ़ का पानी आने से 3 घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा दोनों तरफ वाहनों की लंबी क ता रे लग गई थी।

### तीन माह बाद भी नहीं बुलाई परिषद की बैठक



**कसरावद, निप्र ।** कसरावद नगर परिषद में तीन माह बीत जाने के बाद भी परिषद की बैठक आयोजित नहीं की गई।बैठक ना बुलाये जाने से नाराज भाजपा पार्षदों एवं एल्डरमैनो ने एसडीएम अनिल जैन को ज्ञापन सौंपा। भाजपा पार्षद चंद्रशेखर राठौर एवं भाजपा नेता हेमन्त सोनी ने बताया कि मप्र नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 54 के अनुसार परिषद की बैठक दो माह में एक बार आयोजित करना अनिवार्य है। लेकिन वर्तमान में नगर परिषद की अंतिम साधारण सभा की बैठक 17 मार्च 26 को आयोजित की गई थी।बैठक हुए तीन माह 20 दिन हो गए।लेकिन परिषद की बैठक नहीं बुलाई गई। श्री सोनी ने बताया कि परिषद की बैठक के माध्यम से पार्षदों को अपने वार्ड एवं नगर की समस्याओं एवं नए विकास कार्यों को लेकर विषय रखने का अवसर मिलता है। लेकिन अब लगभग साढ़े तीन माह बाद भी बैठक ना होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। गर्मी में पेयजल व्यवस्था बिगड़ने से जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी।वही साफ सफाई व्यवस्था भी बुरी तरह चरमरा गई हैं। नगर में जगह जगह कचरे के ढेर लग गए हैं।ऐसे में पार्षद अपनी बात कहा रखे।पार्षद मोहन वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी कभी भी बैठके नियम अनुसार नहीं बुलाई।इससे नगर के कई विकास कार्य नहीं हो पाये और नगर विकास में कही न कही पिछड़ गया।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि धारा 54 के उल्लंघन की जांच कर जवाबदार अधिकारी से स्पष्टीकरण लिया जाए। इस अवसर पर एल्डरमैन शरदचंद सराफ, जितेन्द्र पाटीदार, बिहारी यादव, जनहितकारी अध्यक राजेश वराडीया, कमल राठौड़, संदीप कुशवाह, विकास यादव, सुधीर सराफ आदि उपस्थित थे।

### बड़वाह में पुलिस की सायबर सुरक्षा मैराथन



**बड़वाह, निप्र ।** सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के लिए बड़वाह पुलिस ने मंगलवार सुबह 'सैफ क्लिक 2.0 मैराथन दौड का आयोजन किया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य आम नागरिको को सायबर सुरक्षा के प्रति सचेत करना और बढते डिजिटल फ्रॉड से बचाना था वन विभाग नाके से हुई दौड़ की शरुआत, यह जागरूकता मैराथन एसडीओपी अर्चना रावत और थाना प्रभारी बलराम राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित की गई। दौड़ का शुभारंभ जयंती माता रोड़ स्थित वन विभाग नाके से हुआ। इस दौड़ में करीब 100 से अधिक लोग शामिल हुए। जिसमें स्कूली बच्चे, सीआईएसएफ के जवान, पुलिसकर्मी और शहर' के आम नागरिक शामिल थे। दौड़ के दौरान प्रतिभागी हाथों में तख्तियां थामे देशभक्ति और सायबर जागरूकता के नारे लगा रहे थे। अनजान लिंक और फर्जी कॉल से बचने की सलाह, दौड के समापन पर एसडीओपी अर्चना रावत और टीआई बलराम राठौड ने उपस्थित जनसमुदाय को 'सेफ क्लिक' अभियान की विस्तृत जानकारी दी। पूलिस अधिकारियों ने डिजिटल फ्रॉड के नए-नए तरीकों और उनसे बचने के व्यावहारिक उपाय साझा किए उन्होंने लोगों को आगाह किया कि वे कभी भी किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, न ही अपना ओटीपी बैंक पासवर्ड या कोई अन्य निजी जानकारी किसी से साझा करें। इसके साथ ही लॉटरी या कम समय में पैसा 'दोगुना करने वाले लालच भरे ऑफर्स और फर्जी कॉल से सावधान रहने को कहा।सायबर फ्रॉड के खिलाफ दिलाई शपथ कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधिकारियों ने मैराथन में शामिल सभी विद्यार्थियों, जवानों और नागरिकों को एक जुट होकर शपथ दिलाई। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे सायबर फ्रॉड को लेकर स्वयं सतर्क रहेंगे और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंग, ताकि किसी को भी आर्थिक नुकसान का सामना न करना पड़े।

# हरियाली के लिए जुटे सैकड़ों हाथ

## बुद्ध विहार में पौधारोपण, नपा अध्यक्ष ने की शवदाह गृह निर्माण की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित 'अमृत हरित महाअभियान' के अंतर्गत शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका खरगोन द्वारा सोमवार को वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाअभियान के तहत जनप्रतिनि, अधिकारी, समाज सेवियों और स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता से विभिन्न स्थलों पर लगभग 1500 पौधे रोपे गए। विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 02 आनंद नगर स्थित महाकारुणिक बौद्ध विहार उद्यान एवं बीटीआई रोड स्थित बच्चों के मुक्ति धाम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की हरियाली को नया विस्तार मिलेगा। बुद्ध विहार में विशेष कार्यक्रम और शवदाह गृह की घोषणा आनंद नगर स्थित महाकारुणिक बुद्ध विहार में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक



विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष छाया अरूण जोशी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी (CMO) कमला कोल उपस्थित थीं। इस दौरान बुद्ध विहार परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

नगर विकास को गति देते हुए नपा अध्यक्ष जोशी ने परिसर में शवदाह गृह (श्मशान घाट) बनाने की महत्वपूर्ण घोषणा भी की। वरिष्ठ जनों और गरिमामयी नागरिकों की उपस्थिति। महाकारुणिक बुद्ध विहार में आयोजित इस कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के संरक्षक श्री संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुद्ध विहार के संरक्षक पूनमचंद गांगले, भारत गांगले, सुखदेव मंशारे, गजेंद्र मंशारे, हुकुम कोचले एल्डरमेन सुनीता गांगले, सुभाष गांगले और अंकित गांगले सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार दिलीप पंचोली और सतीश गांगले ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला रहा मौजूद। समग्र अभियान के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, लोकनिर्माण सभापति श्री धीरेंद्रसिंह चौहान, पार्षद गण सर्वश्री जगन्नाथ सांवले, श्रीमती बेबीबाई मंडलोई, श्रीमती संध्या दांगी, श्री भागीरथ बड़ोले, पार्षद प्रतिनिधि श्री अरविंद पाटीदार, एल्डरमेन श्री युवराज व्यास सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अमले से स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते, सहायक यंत्री श्री राहुल पंवार व श्री शैलेंद्र अवास्या, प्रभारी राजस्व अधिकारी श्री महेश वर्मा, उपयंत्री तथा नगरपालिका के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। पौधों की देखभाल का संकल्प: इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अधिकाधिक पौधारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अमृत हरित महाअभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है, जो जनसह भागिता से ही पूरी तरह सफल हो सकता है।

## सायबर फ्राड में सावधानी से संभव सुरक्षा



**मंडलेश्वर, निप्र ।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा सायबर अपराधों के प्रति जन जागरण के लिए चलाया जा रहा सायबर सुरक्षा अभियान 'सेफ क्लिक 2.0' बुधवार को सम्पन्न होगा।

मंडलेश्वर टी आई पंकज तिवारी ने मंगलवार को आयोजित मेराथन के पश्चात विद्यार्थियों और आम जन से कहा कि सायबर फ्राड में सावधानी से ही सुरक्षा संभव है। अब सायबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट जैसे तरीको से बहुत आगे निकल चुके है अब नए नए तरीको से फ्राड किया जा रहा है। किसी भी हाल में अपना ओ टी पी शेयर न करें। यदि कोई व्यक्ति आपको यूपीआई पेमेंट करता है और आपसे यूपीआई पिन इंटर करने का बोलता है तो ऐसा नही करे क्योंकि पेमेंट करने के लिए यूपीआई पिन इंटर करना होता है स्वीकार करने के लिए नही। इसलिए आप सावधानी रखे। यदि आपके साथ कोई सायबर फ्राड हुआ है तो तुरंत इसकी सूचना थाने पर दे सायबर सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित मेराथन को टीआई पंकज तिवारी नए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया टीआई स्वयं भी मैराथन में शामिल हुए यह मेराथन पुलिस थाना मंडलेश्वर से शुरू होकर नर्मदा एप्रोच रोड से एम जी स्कूल मैदान, विधायक निवास, कन्या शाला, वाचानालय, बाल मंदिर, घंटाघर झंडा चौक, एम जी मार्ग, राजीव प्रतिमा स्थल, बस स्टैंड होकर वापस पुलिस थाना में सम्पन्न हुई। इसमें अजा - अजजा छात्रावास के विद्यार्थी निजी फिजिकल एकेडमी के स्टूडेंट और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण बड़ोदिया, हेड मोहरिर दिनेश रोमड़े शेखर विश्वकर्मा दीपक सिंह ठाकुर छात्रावास अधीक्षक ओ पी वर्मा अनिल कुशवाह, राजकुमार दुबे, शिव कुमार जामले संजय यादव उपस्थित रहे।

## जनजागृति के लिए जनता के साथ पुलिस की मैराथन दौड़

**महेश्वर, निप्र ।** महेश्वर पुलिस ने साइबर क्राइम के प्रति सजकता और जन जागृति संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए महेश्वर में जन जागृति अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मंगलवार की सुबह पुलिस ने महेश्वर के साथ दत्त मंदिर से नर्मदा भवन के बीच मैराथन दौड़ लगाते हुए साइबर क्राइम से बचने के लिए जन जागृति का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस जवानों के साथ नगरवासी, जिम और योग संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित थे।

थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने बताया कि साइबर क्राइम से बचने का एक यही उपाय है कि हम जागरूक रहें



सजग रहे अंजाने नंबर न उठाएं और अगर कोई व्यक्ति ओटीपी या दस्तावेज मांगता है तो हम उसे नहीं दें। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय थाने पर सूचना दें या फिर 1930 पर हम फोन लगाकर जानकारी बताएं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस विभाग में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए आप इस शब्द से भी डरे नहीं अगर कोई आपको धमकता है तो उसकी सूचना पुलिस को जरुर देवें। इस अवसर पर पुलिस थाने के जवान, नगर के जागरूक नागरिक तथा जीम के पहलवान उपस्थित थे।

## 23वें स्थापना दिवस पर भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कसरावद, निप्र ।** सांई मंदिर का 23 वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरा मंदिर रंग-बिरंगे फूलों और झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया। मंदिर में रोशनी की गई और ओम सांई राम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। सुबह से ही मंदिर में अभिषेक, काकड़ आरती, सहस्त्रनाम और भजन कीर्तन का दौर चला। सुबह में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जो देर शाम तक चला रहा। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सब्जी, पूड़ी, और नुक्ती का प्रसाद परोसा गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि 23 साल





पहले इसी दिन मंदिर की स्थापना हुई थी। तब से हर साल स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगरवासी, महिला मंडल और बच्चे शामिल हुए। पूरे दिन भजनों की धुन गूंजती रही।

## मानवाधिकार सुरक्षा संघ की बैठक



**कसरावद, निप्र ।** मानवाधिकार सुरक्षा संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक कसरावद में संपन्न हुई। यह बैठक संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश गांगले के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम पाटीदार ने की।

शुरुआत में प्रांतीय संयुक्त सचिव रामकृष्ण डोंगरे ने उपस्थित सदस्यों का आव्हान करते हुए मानव अधिकारों की रक्षा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की मदद पहुँचाने का संकल्प दोहराया। वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों की रही गरिमामयी उपस्थिति। बैठक में क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों ने हिस्सा लिया। मुख्य रूप से महेश्वर से श्री सुभाष दुबे बड़वानी से श्री विजय जैन व श्री मोहन पाटिल, मंडलेश्वर से श्री रामेश्वर पाटीदार खरगोन से श्री राजेंद्र तिवारी, श्री राजेंद्र बाबा व श्री संतोष महाजन, कसरावद से श्री अशोक राणे, श्री कमलचंद राठौर, श्री नरेश वर्मा, श्री मंसाराम हिंगोले, श्री किशोर शर्मा और श्री बिहारी लाल भालसे, सहित मानवाधिकार सुरक्षा संघ के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। मार्गदर्शन और संकल्प बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सतीश गांगले के मार्गदर्शन में संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाने और नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। प्रांतीय अध्यक्ष इंज.राधेश्याम पाटीदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संघ हमेशा पीड़ित शोषितों की आवाज बनता रहेगा और इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य तेज किए जाएंगे।

## घरेलू सिलेंडर हो गया लीक लगी आग, टला बड़ा हादसा

**खरगोन, निप्र ।** संजय नगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस वक्त बड़ा हादसा टल गया, जब एक रहवासी मकान में घरेलू सिलेंडर ने आग पकड़ ली। रहवासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। संजय नगर मस्जिद के पास निवासरत महिला असगरी गफ्फार ने बताया कि उनके घर एजेंसी कर्मचारी सिलेंडर सप्लाय करने आया, तब उसमें से बदबू आ रही थी।



लिकेज होने की शंका होने पर उन्होंने टोका भी कर्मचारी को, लेकिन सिलेंडर बदला नहीं। लीकेज सिलेंडर रखकर चले गए। महिला ने आरोप लगाया कि सिलेंडर चुल्हे में नहीं लगाया था, लीकेज होने के कारण उसने आग पकड़ ली। गनीमत रही आग लगने के दौरान घर के लोग सुरक्षित बाहर निकल भागे। भड़की आग से घरेलू सामान जल गया हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**खरगोन, निप्र ।** गुजर रहे चित्तौड़गढ़ -भुसावल हाईवे स्थित भोंगानाला के समीप एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रुप से जख्मी हो गया। 112 से जिला अस्पताल में लाने के बाद उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। यह हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे हुआ।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मृतक की शिनाख्त दीपक पिता महेश गांगले निवासी इंदिरा नगर खरगोन के रुप में की गई। पुलिस के मुताबिक रात करीब 3 बजे उसे 112 से गंभीर घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था। दीपक को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 9 बजे वह सर्जिकल वार्ड से कुछ दूर सीटी स्कैन सेंटर के समीप एक टेबल पर मृत अवस्था में मिला। मृतक की मौत की सूचना परिजनों को दी गई। परिजन इंदौर में होने से उनके अस्पताल पहुंचने के बाद पीएम कराया गया।

## अतिथि शिक्षकों के चयन के लिए विज्ञप्ति जारी

**खरगोन, निप्र ।** कार्यालय, माता अहिल्याबाई शासकीय आदर्श कन्या शिक्षा परिसर, खरगोन (विकासखंड एवं जिला-खरगोन) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। यह चयन प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं त्स्नरूस्र पोर्टल पर उपलब्ध स्कोर कार्ड के आधार पर की जाएगी।

विज्ञप्ति के अनुसार उच्च माध्यमिक शिक्षक (हिंदी, गणित), माध्यमिक शिक्षक (अंग्रेजी, संगीत) एवं प्राथमिक शिक्षक (कंप्यूटर प्रशिक्षक) के पदों पर अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है। संबंधित पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास विषयानुसार निर्धारित शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया पूर्णतः मेरिट आधारित होगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित 08 जुलाई 2026 से 13 जुलाई 2026 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ त्स्नरूस्र पोर्टल से जारी अद्यतन स्कोर कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। चयन से संबंधित अंतिम निर्णय संस्था की चयन समिति द्वारा लिया जाएगा। उक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी की गई है।

## एक नजर में

### विद्यार्थियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक सहभागिता की

# भारतीय शिक्षा दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र ।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस पर भारतीय शिक्षा दिवस विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार और संजय गर्ग ने उच्च शिक्षा विभाग की पहल का स्वागत करते हुए सभी को विशेष सहयोग की अपील की। कार्यशाला में प्राध्यापक शिवपालसिंह पटेल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पावरपॉइंट प्रस्तुति द्वारा भारतीय शिक्षा व्यवस्था, नई शिक्षा नीति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीक के प्रभावी उपयोग तथा विद्यार्थियों के



सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व, नवाचार आधारित शिक्षण तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष प्रकाश डाला गया। महाविद्यालय के अन्य सभी प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा निरंतर अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सतत् अध्ययन के संकल्प के साथ भारतीय शिक्षा दिवस के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय संयोजक प्रीतेश पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ प्राध्यापक राजू काले, हरीवल्लभ शास्त्री, राजेंद्र पाटीदार, मुरलीधर कर्मा, अंकित चौरे, कमलेश पाटीदार, अजय गीते, नितिन यादव, धर्मेंद्र यादव, पवन जोनवाल, लोकेश पाटीदार, राजेश पटेल, विजय राठौड़, राहुल शर्मा,गोपाल सोनेवे, सुनीता पाटीदार, पूजा सोलंकी, अर्चना पंवार, कामिनी पाटीदार, नीतू साहू, निहारिका मकवाने, मुस्कान सेन, सौम्या कसेरा, अंजली बडोले, नाहिद मंसूरी, सुरभि बडोले, नेहा चावड़ा आदि के साथ सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## नवांकुर प्रवेश उत्सव में मूक-बधिर विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत

**बड़वाह, निप्र ।** दशेरा मैदान ज्योतिर्मय मूक-बधिर निःशुल्क विद्यालय में नवप्रवेशित मूक-बधिर विद्यार्थियों के स्वागत एवं उत्साहवर्धन हेतु 'नवांकुर प्रवेश उत्सव' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी बर्मन रहे, जिनकी प्रेरणादायी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पमाला एवं पुष्पवर्षा से आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विश्वास दिलाया कि प्रत्येक दिव्यांग विद्यार्थी की शिक्षा, संस्कार, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगा। मुख्य अतिथि बर्मन सर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक



बालक में अद्भुत प्रतिभा निहित होती है। आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन, स्नेह और अवसर की है। उन्होंने विद्यालय द्वारा मूक-बधिर बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री एवं शुभकामनाएँ प्रदान की गईं। पूरे कार्यक्रम का वातावरण अपनत्व, संवेदना और उत्साह से ओत-प्रोत रहा। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि प्रत्येक नवांकुर को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर एवं सम्मानपूर्ण जीवन की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। इंदौर से पधारे रामकृष्ण मिशन के पूज्य महाराज जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके करकमलों से नवप्रवेशित मूक-बधिर विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पुस्तकें एवं पानी की बोतल वितरित की गईं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा, संस्कार, आत्मविश्वास और सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## गुलशन नगर में कच्ची राह विकास में बन रही रोड़ा

**खरगोन, निप्र ।** बारिश का दौर शुरु होते ही शहर में कच्चे रास्तों, जर्जर सड़कों के निर्माण की मांग उठने लगी है। गुलशन नगर के रहवासियों ने गली नंबर- 3 में सीसी रोड़ निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। रहवासी सादिक शेख एवं जरदार खान आदि ने बताया कि तेजी से हो रहे विकास कार्यो के बीच शहर के गुलशन नगर क्षेत्र स्थित गली नंबर-3 में कच्ची सड़क विकास के राह में रोड़ा बन रही है। वार्ड की अन्य गलियों में रोड़ निर्माण हो चुका है। इस गली में सीसी रोड़ निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई सुनवाई नही की जा रही। बारिश के दिनों में यह कीचड़ से सनी होने से उन्हें रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। वाहन चालक कई बार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।